# निदेशक कार्यालय

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029.**

फा.सं.40-30/2022-स्था.-I(नि.का.) दिनांक: 15 अक्टूबर, 2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग के रोगी भर्ती वार्ड (एबी-3) एवं ओ.टी. सेवाओं को मातृ एवं शिशु ब्लॉक (एमसीबी) में स्थानांतरित करने संबंधी।**

प्रसूति एवं स्त्रीरोग विभाग हेतु मातृ एवं शिशु ब्लॉक (एम.सी.बी.) में रोगी भर्ती वार्ड (एबी-3) एवं ओ.टी. सेवाएं शुरू की जा रही हैं। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि एबी-3 वार्ड की सेवाओं को दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 से एम.सी.बी. की तीसरी मंजिल पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अस्पताल के एबी-3 वार्ड में रोगियों की भर्ती रोक दी जाएगी एवं सभी स्त्रीरोग अंत: रोगियों को मातृ एवं शिशु ब्लॉक (एम.सी.बी.) में भर्ती किया जाएगा।

यह भी निर्णय लिया गया है कि मेन ओ.टी. परिसर के ऑपरेशन कक्ष सं. 9 (स्त्रीरोग ओ.टी. सुविधा) को ऊपर वर्णित तारीख से एम.सी.बी. में स्थानांतरित किया जाना है। तदनुसार, परिवर्तन अवधि के दौरान अगले एक सप्ताह के सभी दिनों हेतु, जब तक स्त्रीरोग ओ.टी. को एम.सी.बी. में चालू नहीं कर दिया जाता है, ओ.टी. सं. 10 केवल स्त्रीरोग ऑपरेशन कक्ष के रूप में कार्य करेगा। परिवर्तन के दौरान, ई.एन.टी. एवं बाल शल्यचिकित्सा हेतु ओ.टी. सेवाएं क्रमश: ओ.टी. सं. 8 और ओ.टी. सं. 12 में कार्यरत रहेंगी।

श्रीनिवास

**(डॉ. एम. श्रीनिवास)**
निदेशक

**<u>वितरण:</u>**

1. चिकित्सा अधीक्षक
2. अध्यक्ष, ओ.टी. उपयोगकर्ता समिति
3. विभागाध्यक्ष, संवेदनाहरण विज्ञान
4. विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान
5. विभागाध्यक्ष, बाल शल्यचिकित्सा
6. विभागाध्यक्ष, ई.एन.टी.
7. प्रभारी संकाय, कंप्यूटर सुविधा
8. परियोजना अधिकारी, एम.सी.बी.
9. मुख्य परिचर्या अधिकारी
10. वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी (अस्पताल)
11. मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी
12. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा – इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।